>

Title: Regarding need to start Indore- Manmad Rail Project in Madhya Pradesh

श्री गजेंद्र उमराव सिंह पटेल (खरगौन) : अध्यक्ष जी, धन्यवाद ।

मैं आभार व्यक्त करता हूं । मैं प्रथम बार इस सदन में आया हूं । आपने मुझे बोलने का अवसर प्रदान किया, इसके लिए मैं आपका हृदय से आभार व्यक्त करता हूं । मैं हमारे देश के यशस्वी प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी और हमारी पार्टी के अध्यक्ष अमित शाह जी का आभार व्यक्त करता हूं । मैं मध्य प्रदेश की खरगौन बड़वानी लोक सभा क्षेत्र से आता हूं । मैं वहां की समस्त जनता और समस्त कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करता हूं, जिनके आर्शीवाद से मैं आज इस सदन में हूं । मैं वहां के जनहित के मुद्दे आपके माध्यम से हल कराना चाहता हूं ।

खरगौन लोक सभा एक जनजाति बाहुल्य इलाका है । आजादी के 70 वर्षों के बाद भी इस लोक सभा क्षेत्र के आदिवासी वर्ग और समाज के सभी वर्गों ने न ट्रेन देखी है और न ट्रेन की पटरियां देखी हैं । 'सबका साथ, सबका विकास' को लेकर देश के यशस्वी प्रधान मंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी ने वहां काम करना शुरू किया । सरकार के पिछले कार्यकाल में इंदौर से मनमाड रेल की स्वीकृति की गई । 35 हज़ार करोड़ रुपये से भी ज़्यादा का उसका प्रोजेक्ट है ।

अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से आह्वान करना चाहता हूं कि इस प्रोजेक्ट को स्वीकृत हुए दो साल हो गए हैं । अभी तक इसका कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, न ही इसके लिए किसी भूमि का अधिग्रहण किया गया है । अत: मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से यह गुज़ारिश करता हूं कि इसका कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाए, ताकि इस क्षेत्र के लोगों को इसका लाभ मिल सके । आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष : श्री तपन कुमार गगोई - उपस्थित नहीं ।